## नगर निगम आयुक्त ने हटवाई पाँच दुकानें, दुकानदारों को भी दी हिदायत

# खुले में मांस-मछली विक्रय पर निगम की सख्ती








हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाड़ा

नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देशानुसार चौहारी नाला क्षेत्र एवं मटन मार्केट क्षेत्र में खुले में मांस, मटन एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मटन मार्केट क्षेत्र से 3 मीट की दुकानों को हटाया गया, वहीं चौहारी नाला क्षेत्र से 2 मछली विक्रेताओं को हटाया गया। सभी पर जब्ती की कार्रवाई करते हुए खुले में विक्रय को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया।यह पूरी कार्रवाई आयुक्त चंद्रप्रकाश राय की उपस्थिति में की गई। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक अरुण कुमार गढ़ेवाल एवं अनिल लोट अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर मांस-मछली का खुले में विक्रय न केवल स्वच्छता के लिए हानिकारक है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। आयुक्त श्री राय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में कोई दुकानदार खुले में मांस या मछली का विक्रय करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निगम का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि शहरवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके।

### लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों के मन में भय का वातावरण निर्मित

## संदीपनी विद्यालय में बीती रात असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया

तामिया ब्लॉक कॉलोनी स्थित सादीपनी सरकारी स्कूल में जबरदस्त तोड़-फोड़ करने का मामला सामने आया है। स्कूल में शुक्रवार आधी रात को हुई तोड़फोड़ की घटना के बारे में जब सुबह स्कूल खोला गया तब जानकारी लगी सूचना मिलने बाद तामिया बीईओ बी के सानेर ने अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर स्कूल में हुई तोड़फोड़ का जायजा लिया।

स्कूल में कंप्यूटर रूम से लेकर प्रिंसिपल के ऑफिस सहित कैंपस में करीब 5 से अधिक गमले और 7 से 8 बाथरूमों के दरवाजे तोड़े गए साथ ही पूरे स्कूल के बिजली के बोर्ड और लाइट तोड़े जाने की तस्वीरें सामने आई हैं। स्कूल इंचार्ज ने बतलाया रात मै काफी तोड़फोड़ की गई है और स्कूल के क्लास रूम का ताला तोड़कर बिजली के बोर्ड तोड़ दिए गए है। गमले और स्टील की ग्रिल तोड़कर चुरा ले गए। काफी सामान में तोड़फोड़ की गई है। तोड़े गए पूरे सामान की सूची बनाकर एक लिखित शिकायत पुलिस थाने मै दर्ज करवाई है। बीत रात इस स्कूल परिसर में हुई तोड़फोड़ एवं सामग्री ले जाने से मोहल्ले में भय का वातावरण लोगों के मन में बना है। सनद रहे पिछले कुछ दिनों से तामिया में चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है जिससे पुलिस की कार्य प्रणाली पर अब लोग सवाल उठने लगे है।

कुछ दिन पूर्व मीठी गली में शैलेंद्र डेहरिया के मकान में दिन दहाड़े सूने घर का फायदा उठाकर लाखों के जेबरात चोरी कर चुके हैं जिसका अभी तक सुराग नहीं लग सका है। हो रही लगातार चोरियों ने तामिया के लोगों में असुरक्षा का वातावरण निर्मित कर दिया है। चोरों द्वारा पुलिस को दी जारी चुनौती का जवाब तामिया पुलिस को चोरों को पकड़कर देना होगा जिससे जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास जगे।

## शासकीय कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमुआ

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं शासकीय महाविद्यालय, दमुआ के प्राचार्य के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्राकोष्ठ अंतर्गत 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. श्रीमती रश्मि दास के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को खेलों के महत्व एवं स्वस्थ जीवन में शारीरिक गतिविधियों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

महाविद्यालय परिसर में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिनमें कबड्डी, वॉलीबॉल एवं इंडोर गेम्स (कैरम,टेबल टेनिस, शतरंज )शामिल थे।राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कृतिका एवं द्वितीय स्थान रमिका बी एस सी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल भावना, अनुशासन तथा टीम वर्क का अद्भुत प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने भी खेलों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे खेल और शिक्षा को समान रूप से बढ़ावा देते हुए नई पीढ़ी को स्वस्थ, जागरूक और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित बनाएंगे।

## महिला शक्ति आत्मनिर्भरता की मिसाल: साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



महिला शक्ति द्वारा प्रदर्शित विविध स्टालों ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प और हिम्मत हो तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महिलाओं ने स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन देते हुए, अपने हाथों से बनाई हुई चीजों को समाज के सामने रखा। यह कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की यात्रा का प्रतीक है। उक्त आशय के विचार जिला क्षत्रिय पवार समाज संगठन के तत्वावधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पवार भवन चंदनगांव में 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय ट्रेड फेयर का शुभारंभ अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने व्यक्त किये।

उल्लेखनिय है कि महिलाओं ने कपड़े, घरेलू सामान सहित कई उपयोगी वस्तुओं के स्टाल लगाकर अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मनिर्भरता का अद्भुत परिचय दिया। यह सिर्फ वस्तुओं का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर भारत के सपने की झलक थी। इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा वर्तमान परिदृश्य में आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की बात कही गई। उनके द्वारा महिलाओं को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा गया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने मेले में लगे स्टाल की ओर से भारी छूट का लाभ लेने का आग्रह सभी से किया है। इस ट्रेड फेयर के आयोजन में संगठन के यशवंत पवार, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पवार , महेश डोंगरे, दिलीप पवार, अर्जुन पवार, सुरेश पवार, राजकिशोर पवार, हरीश घाघरे, शंकर राव देशमुख, प्रेरणा चौधरी, रंजना पवार, ज्योति पवार , ज्योति चोपड़े आदि के विशेष प्रयासों से हुआ । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, अंकुर शुक्ला, जागेन्द्र अल्डक सहित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### खेल दिवस का हुआ आयोजन, नन्हें विद्यार्थियों ने लिया भाग

दमुआ। मेजर ध्यानचंदजी के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय पी एम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ जुन्नारदेव में जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती चंद्रकला सातनकार के मार्गदर्शन में खेल दिवस का आयोजन किया गया।आयोजन का शुभारंभ पार्षद वार्ड क्रमांक 17 दमुआ श्रीमती सरला उईके एवं प्रभारी प्राचार्य सुशील कुमार सराठे जी द्वारा सरस्वती पूजन और मेजर ध्यानचंदजी के माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। पार्षद जी के द्वारा छात्राओं को खेलो के प्रति उत्साहित किया गया। 29 अगस्त को वालीबॉल प्रतियोगिता बालक बालिका दोनों वर्गों में संपन्न कराई गई जिसमें 5 वर्गों में से बालक वर्ग में मेजर ध्यान चंद टीम नंदन विजेता रही वही उप विजेता भगत सिंह सी एम राइस रही बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मी बाई विजेता रही एवं उपविजेता रानी दुर्गा वती पी एम श्री दमुआ रही प्रतियोगिता संपन्न कराने में विभा तारन ब्लॉक समन्वयक, पी टी राजेश सोनी, योग विकास खंड प्रभारी श्रीमती निर्मला बेले, पी टी आई शास. उच्च. विद्यालय नन्दन अनीश कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया हस्तकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

### हाथों से बनी स्वदेशी चीजें हमारी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैः शेषराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा शनिवार को क्षत्रिय पवार समाज संगठन द्वारा आयोजित हस्तकला प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। श्री यादव ने उद्घाटन के उपरान्त हस्तकला प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों को अवलोकन कर उनकी जानकारी ली।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि हाथों से बनी स्वदेशी चीजें हमारी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये न केवल हमें अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर देती हैं, बल्कि हमें हमारी माटी और मिट्टी की खुशबू से भी रूबरू कराती हैं। उन्होंने कहा कि हाथों से बनी स्वदेशी चीजें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं तथा इन्हें अपनाकर और बढ़ावा देकर हम न केवल अपनी संस्कृति को संरक्षित कर सकते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी समर्थन दे सकते हैं। श्री यादव ने आवाहन किया कि आइए हम अपनी जड़ों से जुड़ें और हाथों से बनी स्वदेशी चीजों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि इनके माध्यम से हम अपनी संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं और अपनी विरासत को संरक्षित कर सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, संरक्षक यशवंत पवार, पवार समाज संगठन हेमंत पवार, सचिव महेश डोंगरे, पवार समाज संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना गिरिजेश पवार, जगदीश पवार नगर इकाई के अध्यक्ष हरीश घागरे, नगर महिला इकाई अध्यक्ष रंजू पवार, कृपाशंकर सूर्यवंशी, रोशन सिंगनापुरे उपस्थित रहे ।

### पारम्परिक खेलों को मिल रहा महत्वः सांसद

छिंदवाड़ा। भाजपा सरकार में पारम्परिक खेलों को महत्व मिल रहा है। जिससे गांवों में छुपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिल रहा है। छिंदवाड़ा जिले के कई दंगल खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने छटमी अखाड़ा समिति उभेगांव के द्वारा आयोजित विशाल इनामी दंगल के कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों से पहुंचे पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाए। कार्यक्रम में उभेगांव सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण जन पहुंचे हुए थे। सांसद बंटी विवेक साहू ने भी आम जनों के बीच जमीन में बैठकर दंगल का आनंद लिया। इस दौरान सांसद ने विजेता पहलवानों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, बंटी पटेल आदि मौजूद रहे।

## महाबोधि विहार मुक्त करो सौंसर में लगे नारे

### रैली निकालकर महाबोधि विहार मुक्त करने बीटी एक्ट 1949 कानून को हटाने को लेकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर



महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जन्मस्थली महू से निकली शांति मशाल यात्रा शनिवार को सौसर पहुची,शांति मशाल यात्रा का नेतृत्व कर रहे भन्ते आकाश लामा,भदंत धम्मशिखर, भदंत डॉ चंद्रकीर्ति, भन्ते सारीपुत्रजी,भन्ते शीलरक्षितजी आदि ने सौसर बुद्ध विहार में पहुंचकर तथागत भगवान बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा को माल्यार्पण अभिवादन कर नगर में रैली निकालकर महाबोधि विहार मुक्त करने बीटी एक्ट 1949 कानून को हटाने को लेकर नारेबाजी की। नगर के संविधान चौक में शांति मशाल यात्रा धम्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई। शांति मशाल रैली बुद्ध विहार डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर चौक विट्ठल मंदिर महात्मा ज्योतिबा फुले चौक श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक होते हुए नगर के संविधान चौक पर पहुंची जहां पर रैली धम्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई।धम्मसभा मैं वक्ताओं के द्वारा बोधगया महाबोधि बिहार मुक्ति आंदोलन और बी टी एक्ट को रद्द करने को लेकर पिछले 200 दिनों से किए जा रहे हैं कार्य आंदोलन ज्ञापन धरना आदि के संबंध में सिलसिले बार जानकारी दी।

आयोजन को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता भन्ते आकाश लामा ने कहा की महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन यह पूरे देश और विश्व से चल रहा है। हम सबको मिलकर महाबोधि महाविहार को मुक्त करने के लिए तन मन धन से सहयोग करना है। आगामी 17 सितंबर को नागपुर के संविधान चौक पर अनारिक धम्मपाल धर्मपाल की 161 जयंती मनाई जाएगी।कुछ लोगों के द्वारा महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है,परंतु समाज बंधुओ ने एकजुट होकर एकता के साथ में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर आंदोलन को सफल बनाना है। इस दौरान चंद्रबोधि पाटिल, बाबाराव चारे, धम्मरत्न सोमकुंवर, डॉ प्रदीप डोंगरे,रमेश लोखंडे,पी एस खोबरागड़े, सुरेश पासवान, आकाश सहारे, आदि बौद्ध समाज बंधु प्रमुखता से उपस्थित थे।कार्यक्रम प्रस्तावना नरेंद्र पाटिल,संचालन प्रवीन ठवरे ने किया।

## कांग्रेस नेताओं ने संगठन मजबूती के लिए लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से मंजुला मंगल कार्यालय मे नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का स्वागत सत्कार समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पूजन के साथ हुआ।सत्कार समारोह कार्यक्रम में जिला प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी छिंदवाड़ा अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ,जिला कांग्रेस कमेटी पांढुरना अध्यक्ष पूर्व विधायक जतन उइके ,जिला समन्वयक भागवत महाजन,पांढुरना विधायक निलेश उइके, सौसर विधायक विजय चौरे,पुर्व कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय चौधरी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे उपस्थित थे। सत्कार समारोह को संबोधित करते हुए नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा हैं जो देश की आज़ादी से लेकर सभी लोगो को एक साथ रहने तथा सभी की रक्षा करती है हम कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस पार्टी को एक नए शिखर तक ले जायेंगे।

## मप्र शिक्षक संघ के पोस्टर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर



मध्यप्रदेश शिक्षक संघ एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आव्हान पर 1 सितम्बर 2025 को देशभर के पांच लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान' विषय पर लाखों शिक्षक एवं करोडों विद्यार्थीयों को जिस संकल्प पोस्टर से संकल्प दिलाया जाना है,उसका आज पांढुरना जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड के हंस्ते विमोचन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला पांढुरना के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सरवरे, कोषाध्यक्ष अमोल बोबडे, सूर्यभान ढेपे जिला सहसचिव, जयसिंह धुर्वे तहसील अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष अशोक वडस्कर, नगर अध्यक्ष भाउराव धुर्वे, नगर सचिव राजू तुपकर, पांढुर्णा ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र अतकरें उपस्थित थे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर राष्ट्रव्यापी विचार व परामर्श सम्मेलन का हुआ आयोजन

# छिन्दवाड़ा के जनप्रतिनिधियों ने दिया मजबूत लोकतंत्र का परिचय : आर्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर राष्ट्रव्यापी विचार व परामर्श सम्मेलन में इतनी बड़ी संख्या में पहुंचे छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के जनप्रतिनिधियों ने एक मजबूत लोकतंत्र का परिचय दिया है। इससे यह तय होता है कि लाखों लोगों का प्रतिनिधित्व करनें वाले जनप्रतिनिधियों का मन एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रति सकारात्मक है।

उक्त आशय के विचार लोक हित में एक राष्ट्र-एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम के परिपेक्ष्य में सांसद बंटी विवेक साहू के संयोजन में शनिवार को सिवनी प्राणमोती स्थित पूजा शिवी लॉन में एक राष्ट्र-एक चुनाव, राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन के अवसर पर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्या ने व्यक्त किए। सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्या को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी मंडल अध्यक्षों और प्रमुख पदाधिकारियों ने पूर्व न्यायाधीश श्री आर्या का मंच पर भव्य स्वागत किया।

### पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्या ने गिनाए फायदे

इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले से बड़ी संख्या में आए जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं उपसरपंच और मंडल अध्यक्षों व जनप्रतिनिधियों को एक राष्ट्र एक चुनाव के फायदे गिनाए। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने से चुनावी सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और प्रशासनिक खर्चों में कमी आएगी। बार-बार आचार संहिता लागू होने से बच सकेंगे। लगातार चुनावों से होने वाले निति निर्माण में रूकावट खत्म होगी। सुरक्षा बलों और सरकारी मशीनरी का सही इस्तेमाल हो सकेगा। क्षेत्रिय और स्थानीय मुद्दों से हटकर दीर्घकालीन योजनाओं पर फोकस हो सकेगा। बार-बार सरकार बदलने की संभावनाएं कम हो सकेगी। सरकारें बिना चुनावी बाधाओं के आर्थिक विकास पर ध्यान दे सकेंगी, साथ ही धन और बाहुबल का दूरूपयोग कम होगा। लगातार चुनावी प्रक्रिया से नीति निर्माण में देरी नहीं होगी।

### सांसद साहू ने बताएं एक राष्ट्र एक चुनाव के लाभ

एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर राष्ट्रव्यापी विचार व परामर्श सम्मेलन के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने सम्मेलन में मौजूद जनप्रतिनिधियों को इसके लाभ गिनाएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसके लागू होने से दीर्घकालीन विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। पूरे देश में एक समान चुनाव प्रणाली लागू हो सकेगी। बार-बार चुनाव प्रचार की जरूरत नहीं पड़ेगी। राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता कम होगी। केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल हो सकेगा। इससे जहा सरकारी कर्मचारियों का सही उपयोग हो सकेगा।



## दो सितम्बर को बिछुआ में दादा गुरू का आगमन

बिछुआ। अवधूत सिद्ध महायोगी संत दादा गुरु का बिछुआ में 2 सितम्बर को होंगा आगमन बिछुआ। नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मंदिर बिछुआ में नर्मदा उपासक निराहार संत अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरु भगवान का आगामी 2 सितम्बर को आगमन होंगा। गणेश मठ बिछुआ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने बताया की 2 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से संत दादा गुरु के धर्म प्रेमियों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे। श्री गणेश मंदिर सेवा समिति बिछुआ ने धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

## 22 जिलों की ईएमआरएस टीमों का लगा महाकुंभ, दूर दूर से पहुंचे खिलाड़ी

# एकलव्य विद्यालय के चौथे राज्य स्तरीय योग स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

मध्यप्रदेश के 22 जिलों की ईएमआरएस टीमो का महाकुंभ चौथे राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के अवसर पर तामिया के एकलव्य आदर्श आवासीय विधालय परिसर में लगा हुआ हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विधालय (ईएमआरएस) तामिया में चौथे ईएमआरएस राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) तामिया में हुआ।प्राचार्य राजेंश कुशवाहा ने बताया कि स्वास्थ,सद्भभाव और अनुशासन के उत्सव चौथे ईएमआरएस स्टेट योग कॉम्पीटिशन का आयोजन तामिया के सभागार में 30 अगस्त 2025 को सुबह 09 बजे मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह,जनजातीय कार्यविभाग के सहायक संचालक



उमेश सातनकर,जिला खेल अधिकारी श्री शर्मा जुन्नारदेव एसडीएम कामिनी ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। इस स्पर्धा में मध्यप्रदेश के 22 जिलों के ईएमआरएस विधालयो की टीम भाग लेने पहुंची है। एकलव्य विधालय समिति के अध्यक्ष एंव जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने एकलव्य आदर्श आवासीय विधालय राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सफल जीवन के लिए अभी से मेहनत करना होगा अगर आप चाहते है कि आपके जाने के बाद कोई आपको याद करे तो आपको अपने बारे में आज से ही सोचना होगा जितना समय मिला है हम क्या बेहतर कर सकते है। आप सब यूनिक है हर इंसान यूनिक होता है। आज से ही आप सब जुट जाएं सफल जीवन के लिए ये आवश्यक है। शुभारंभ के बाद योग प्रतिभा दिखाने डिण्डौरी जिले के शाहपुरा एकलव्य विधालय की टीम ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उप प्राचार्य दिनेश कुमार, विद्या सागर तिवारी,श्वेता मौर्य,वेणु कुमारी,हैमंती बायेन,आजाद मोहम्मद,योगेश कुमार कुकरेती,भास्कर ज्योति दास,अमन वर्मा,गौरव पॉल, कंचन, रिज़वान हाशमी,आशीष कुमार,शुभम सिंह,श्यामसुंदर मीना,अमित गुप्ता,सुमित कुमार,सोनल श्रीवास्तव,संदीप सिंह,रीना प्रजापति,अमितेश पवार दांगी,क्षितिज जैन सोनाली चौधरी,तृप्ति आर्य,दिनेश कुमार,अजय कुमार अजीत,श्रीमती दीपिका यादव, विनय अहिरवार,श्रीमती मोनिका बोरकर, ईश्वर सिंह मालवीय सहित पूरा स्टाफ जुटा हुआ हैं।

### छात्र ने हासिल की उपलब्धि, संभाग स्तर में गोल्ड राष्ट्रीय स्तर में ब्रॉन्ज एवं गोल्ड मेडल किया प्राप्त

जुन्नारदेव। जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अंबाड़ा की रहवासी केंद्रीय विद्यालय बड़कुही की छात्रा अंशिका नर्रे पिता मनीराम नर्रे द्वारा रूप स्किपिंग (रस्सी कूद) प्रतियोगिता में विधानसभा से जबलपुर



संभागीय प्रतियोगिता में डबल अंदर व्यक्तिगत में गोल्ड मेडल फ्री स्टाइल रिले गोल्ड मेडल एवं स्पीड रिले में गोल्ड मेडल प्राप्त किया गया वहीं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हैदराबाद में आयोजित हुई जिसमें डबल अंदर व्यक्तिगत में ब्रॉन्ज मेडल एवं स्पीड रिले में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विधानसभा, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच इमाम बख्श सौदागर, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। विधानसभा क्षेत्र की बेटी की उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## खिरसाडोह में हुआ खेलों का आयोजन



परासिया। खेल मंत्रालय मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में मेजर ध्यानचंद (हॉकी के जादूगर) की जन्मतिथि में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ श्री एच डी पाटिल प्राचार्य द्वारा मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए खेल का छात्र जीवन में महत्व को बताते हुए दिनांक 29 अगस्त 2025 को शपथ दिलवाई गई, शपथ उपरांत 300 मीटर तेज चाल की गई जिसमें संस्था के छात्र/छात्राओं के साथ स्टाफ ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।दिनांक 30 अगस्त 2025 को छात्र/ छात्राओं/स्टाफ द्वारा बड़े जोश के साथ रस्साकसी, चेस, निबंध, क्विज, वादविवाद,बैडमिंटन टेबल टेनिस में भाग लिया गया, इन सभी खेल गतिविधियों में सभी स्टूडेंट्स व स्टाफ ने प्रतियोगिता को जीतने के लिए भरसक प्रयास किया गया।इन खेल गतिविधियों के कारण संस्था का वातावरण बड़ा ही सहयोगात्मक बना हुआ है। खेल कार्यक्रम 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक चलेंगे जिसमें अभी चम्मच दौड़, योग एवं साइक्लिंग होना शेष है।

## साइंस कॉलेज में मना राष्ट्रीय खेल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल स्थानीय रामशांति विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन बडे धूमधाम से हुआ। यह दिन हॉकी के जादुगर भारत रत्न प्राप्त खिलाडी ध्यानचंद की जयंती अवसर पर मनाया जाता है। स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। शिवाजी हाउस और अशोक हाउस की जुनियर टीम के बीच कबड्डी सेमीफाइनल स्पर्धा हुई। खिलाडियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में अपने दमखम और चुस्तीफुर्ती का परिचय दिया। शिवाजी हाउस की गर्ल्स टीम और अशोका हाउस की ब्वाय्स टीम विजेता रही। इस अवसर पर रामशांति स्कूल में प्रमुख अतिथि के रूप में एसडीएम अलका इक्का और बीएसी नरेंद्र बांबल मौजूद रहे। शाला प्राचार्य चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले एवं खेल शिक्षकों ने विजेता टीम को बधाई देते हुए विभिन्न खेल गतिविधियों को जारी रखने का सुझाव दिया।

### खेल दिवस का हुआ आयोजन

जुन्नारदेव। मेजर ध्यानचंदजी के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय पी एम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ जुन्नारदेव में जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती चंद्रकला सातनकार के मार्गदर्शन में खेल दिवस का आयोजन किया गया।आयोजन का शुभारंभ पार्षद वार्ड क्रमांक 17 दमुआ श्रीमती सरला उईके एवं प्रभारी प्राचार्य सुशील कुमार सराठे जी द्वारा सरस्वती पूजन और मेजर ध्यानचंदजी के माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।पार्षद जी के द्वारा छात्राओं को खेलो के प्रति उत्साहित किया गया। 29 अगस्त को वालीबॉल प्रतियोगिता बालक बालिका दोनों वर्गों में संपन्न कराई गई जिसमें 5 वर्गों में से बालक वर्ग में मेजर ध्यान चंद टीम नंदन विजेता रही वही उप विजेता भगत सिंह सी एम राइस रही बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मी बाई विजेता रही एवं उपविजेता रानी दुर्गा वती पी एम श्री दमुआ रही प्रतियोगिता संपन्न कराने में विभा तारन ब्लॉक समन्वयक, पी टी राजेश सोनी, योग विकास खंड प्रभारी श्रीमती निर्मला बेले, पी टी आई शास. उच्च. विद्यालय नन्दन अनीश कुरैशी, अभय सिंह खेल प्रभारी सी एम राइस दमुआ , महेश साहू , रमेश बरबड़े, आरती गुलबांके, तरन्नुम खान आदि मौजूद रहे।

## खेल दिवस पर हुई मेराथन दौड़ और अन्य स्पर्धाएं

### आज होगी बैडमिंटन और बुजुर्गों की वॉक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज सुबह 6 बजे एमपीएल स्कूल ग्राउंड पांढुर्ना से लेकर धुनष लॉन और पुनः वापस एमपीएल मैदान तक मेरॉथन दौड संपन्न हुई। खेल दिवस के उपलक्ष्य में संपन्न हुई मेरॉथन दौड को कलेक्टर अजय देव शर्मा ने हरि झंडी दी। इस अवसर पर एसडीएम अलका इक्का, ना. तहसीलदार तिगांव अश्वीनी गोहिया, बीआरसी नरेंद्र बांबल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के योगेश ढोके तथा अन्य खिलाडी शामिल हुए। इ स के अलावा स्थानीय रामशांती विद्यामंदिर में प्रातः 9 बजे कबड्डी तथा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्ना में रस्साकशी, सांदीपनी विद्यालय में शतरंज एवं कैरम की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। इस खेल आयोजन में पांढुर्ना के अनेक खेलप्रेमियों ने बढचढकर हिस्सा लिया। इन खेलों का उद्देश्य स्थानीय खेलों को बढावा देते हुए बच्चों और बुजुर्गों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

कल 30 अगस्त को सुबह 10 बजे नगरपालिका बैडमिंटन हॉल में प्रतियोगिता, दोपहर 12 बजे स्व सहायता समूह एवं महिलाओं के लिए पिठ्ठू गेम तथा दोहपर 1 बजे नगरपालिका मैदान पर रस्साकशी का खेल होगा। 30 अगस्त को समापन दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता तथा सीनियर सिटीजन के लिए वॉक के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न होगा।

## इनरव्हील क्लब ने चलाया शहर में स्वच्छता अभियान

छिंदवाड़ा - नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान में विविध सामाजिक संगठन आगे आकर छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इनमें से एक नाम है इनरव्हील क्लब छिंदवाड़ा और सिद्धि विनायक बेस्ट मैनेजमेंट का, जिन्होंने शनिवार 30 अगस्त के शुभ दिन छिंदवाड़ा के दशहरा मैदान में स्वच्छता की शपथ ली और 50 दुकानदारों को **RRR** के सिद्धांत पर बने कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाए गए डस्टबिन वितरित कर स्वच्छता की अपील की।इस अवसर पर नगर पालिक निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता टीम से देव पाठक के साथ क्लब सदस्य मोनाली खंडेलवाल, रोहनी मेनन, श्वेता कालिया, शोभा गौड, सीमा गुगनानी, सुदेश मक्कड़ सहित अन्य स्वच्छता प्रेमी उपस्थित रहे, सभी स्वच्छता प्रेमियों ने दुकानदारों सहित गणमान्य नागरिकों से छिंदवाड़ा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की अपील की।

### पेंशन धारियों को समय पर नहीं मिल रही पेंशन

दमुआ। सरकार से मिलने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं के तहत पेंशन जैसे वृद्ध पेंशन हो या फिर विकलांग पेंशन विधवा पेशन सहित अन्य सभी तरह से मिलने वाली पेंशन का सही तरह लोगो को लाभ नही पा रहा है और जिन लोगों को पेंशन मिल भी रही है तो उन्हे समय पर पेंशन नही मिल पा रही है पेंशनधारी पेंशन पाने की लिए नगर पालिका दमुआ और बैकों के चक्कर लगा रहे हे फिर भी उन्हे समय पर पेंशन का लाभ नही मिल पा रही है पेंशन पाने के लिये यहां वहां भटक रहे है और पेंशन पाने के लिए यहां वहा भटक रहे है वृद्धा पेंशनधारी श्री रमेश सोनी वार्ड नं.12 दमुआ और मोहम्मद रफीक मामू चुडीवाले वार्ड न. 15 श्रीमती शीलाबाई वार्ड न. 15 को जुलाई माह की पेंशन अभी तक नही मिल पाई है। जब पेंशन धारियों के द्वारा न.पा. दमुआ और बैक पहुंचकर पूछा जाता है तो कहा जाता है कि जवाब मिलता है कि आपकी पेंशन नही आई और सीधे मुह बात नही करते है। जबकि न.पा. दमुआ के निकाय क्षेत्र में ऐसे गरीब परिवार के लोग सदस्य है जो कि पेंशन के हकदार है फिर भी उन्हे पेंशन जैसी सुविधा योजना का लाभ नही मिल पा रहा है जबकि पात्रों को पेंशन का लाभ नही मिल पा रहा है और अपात्र उठा रहे पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ इस तरह न.पा. दमुआ में लोगो के साथ अन्याय किया जा रहा है।

### गोंडवाना सामुदायिक भवन में संपन्न हुई किसानों की बैठक

# मध्य प्रदेश में सुलगने लगी है किसान आंदोलन की आग

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** प्रदेश के किसान लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। उनकी नाराजगी का कारण खराब गुणवत्ता वाले बीज, बढ़ती लागत, और सरकारी नीतियों से संबंधित मुद्दे हैं। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, और उर्वरक जैसे यूरिया की कीमतें बढ़ रही हैं। इसके अलावा, किसानों को अपनी उपज का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे कर्ज के बोझ तले दब जा रहे हैं। बता दे कि मध्य प्रदेश सरकार ने चुनावों के समय किसानों से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन अब वे उन वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। किसान अब सरकार से भीख नहीं मांगेगे, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। इस मुद्दे पर लांजी नगर में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे ने अध्यक्षता की।



#### सरकार कर रही किसानों का अपमानः ज्योति उमरे

सरकार ने जो 3100 रूपए धान का समर्थन मूल्य देने का जो वादा किया था उसी संबंध में बैठक रखी गई थी सरकार को चाहिए कि जो वादा वहां करती है उसे पूरा करना चाहिए या सिर्फ उसे चुनावी मुद्दा बनाकर भूलना नहीं चाहिए। सरकार हर मंच पर किसानों को 3100 रुपए समर्थन मूल्य प्रदान का रेट देने का वादा तो करती है परंतु वह कब देगी जब 5 साल की सरकार का कार्यकाल संपूर्ण हो जाएगा तब इस तरह सरकार द्वारा किसानों को ठगने का काम किया जा रहा है इसी मुद्दे को लेकर आज हमारे द्वारा गोंडवाना सामुदायिक भवन में किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। सरकार द्वारा लगातार अन्नदाता किसानों का अपमान किया जा रहा है उन्हें उनके हक से वंचित किया जा रहा है। किसानों के हक के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन भी सरकार के खिलाफ किया जाएगा और किसानों को उनका हक दिलाकर ही दम लिया जाएगा।

**जय किसान संघर्ष समिति का हुआ गठनः** गोंडवाना सामुदायिक भवन में संपन्न हुई किसानों की बैठक मैं सभी किसानों के द्वारा निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के सभी किसानों केद्वारा मिलकर एक गठन तैयार किया जाए जिसको लेकर सर्वसम्मति से जय किसान संघर्ष समिति का गठन किया गया जिसमें समिति का अध्यक्ष श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे को बनाया गया वहीं जय किसान संघर्ष समिति का सचिव दिनेश लांडे को मनोनीत किया गया। यह जय किसान संघर्ष समिति किसानों के हित में कारगार साबित होगी।

इस बैठक में जनपद सभापति दिनेश लाड़े, मोहझरी उप सरपंच रीता रावते, होमेश्वर घोरमारे मांझी सरकार लांजी अध्यक्ष, और जनपद सदस्य टूमनलाल घोरमारे, खेमराज मछीरके, सिद्धार्थ गजभिए, बाबा राहंगडाले, मानिक पांचे, विजय लिल्हारे, मुकेश रणदीव, शरद आसटकर, युवराज पटले, प्रभुदयाल किरमें, जितेंद्र मोरघड़े, गणेश बागड़े, श्यामलाल बेंद्रे, ललित कबीरे, यदोराव कालबेले सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे।

### बिजली, पानी, सडक़ समेत अन्य समस्या के निराकरण के दिए निर्देश

# विधायक पटेल ने खैरलाँजी जनपद पंचायत पहुँच कर सुनी जनता की समस्या

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल जब से चुनाव जीते हैं, तब से लगातार वह जनता की समस्या और परेशानी को हल करके उन्हें न्याय दिलाने दिन-रात प्रयासरत रहते हैं। इसी क्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल शुक्रवार को खैरलाँजी जनपद पंचायत पहुँचे और दरबार लगाकर किसानों व आम नागरिकों की समस्या सुनी।



इस मौके पर उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को बुलवा कर त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए। विधायक विवेक पटेल ने जनपद पंचायत सीईओ वृंदावन मीणा को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों से समस्या लेकर पहुंचने वाले किसानों से अच्छा व्यवहार करें, उनकी समस्या सुने और जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने का प्रयास करे। वही समस्या लेकर पहुंचे किसानों को बार-बार कार्यालय ना बुलाए, बल्कि उनके ग्राम में पहुंच कर उनकी समस्या सुनकर तत्काल समाधान करें।

**समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले शिक्षकों पर करे कार्यवाहीः** विधायक विवेक विक्की पटेल को ग्रामीणों से लगातार शिकायत मिलने के बाद उन्होंने बीआरसी शंकरलाल भगत को चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करे। स्कूल में शिक्षक अपने समय पर पहुंचे और बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनमें अनुशासन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बीआरसी शंकरलाल भगत ने ग्राम खैरी के पवारीटोला शासकीय स्कूल में शिक्षकों की कमी के बारे में विधायक विवेक पटेल को अवगत कराया। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ने जिला शिक्षा अधिकारी से इस विषय में बात करने की बात कही।

**रोजाना आधा सैकड़ा से अधिक लोगों की समस्या का तत्काल होता है समाधानः** क्षेत्र की जनता जब अपनी व गाँव की समस्या लेकर वारासिवनी विधायक विवेक पटेल के जनसम्पर्क कार्यालय पहुंचती हैं, तो वह समस्या सुनने के बाद तत्काल समाधन करने का प्रयास करते है और संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर जल्द से जल्द निरकारण करवाने का आदेश देते हैं।

मेरे क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा खुले है, मेरे घर के दरवाजे-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मेरे घर के दरवाजे हमेशा जनता के लिए खुले हैं। मेरे घर के सामने कोई पहरेदार नहीं रहता है। मुझे जनता ने चुनाव जिताया हैं, मैं जनता का सेवक हूँ। मैं जनता के हर काम करवाने के लिए हमेशा जनता की सेवा कर रहा हूँ। जनता दरबार में बिजली, पानी, सडक़, घरेलू विवाद, आवास योजना, जमीनी विवाद सहित अन्य समस्या लेकर नागरिक पहुंचते हैं। इस सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने का प्रयास किया जाता हैं। मैं खुद जनता के पास जाता हूँ और उनसे पूछता हूँ कि ग्राम में क्या काम करवाना हैं, उन्ही के बताये अनुसार मैं काम करने का प्रयास करता हूँ। लगातार मुझे शिक्षा विभाग से संबधित शिकायतें मिल रही थी, अधिकारियों को बुलवा कर समझाइस दी गई है।

## अविश्वास प्रस्ताव पर समीक्षण के लिए अध्यक्ष सहित 14 पार्षदों को पीठासीन अधिकारी ने किया

हरिभूमि न्यूज लांजी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं , नगर परिषद लांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.) द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। यह पत्र सौरभ (मोनू), पिता सुयेन्द्र पशिने, पार्षद, वार्ड नं. 11/महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड, नगर परिषद लांजी, जिला बालाघाट को संबोधित है। पत्र की तारीख 29.08.2025 है और इसमें म.प्र.नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 43(क) उपधारा 2 के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर समीक्षण के संबंध में जानकारी दी गई है। पत्र में कलेक्टर महोदय, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश के आदेश क्रमांक /141/कले.प्र./2025 बालाघाट दिनांक 26 अगस्त 2025 के संदर्भ में बताया गया है कि म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 43(क) उपधारा 1 एवं 2 के अंतर्गत श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, अध्यक्ष, नगरपरिषद लांजी जिला बालाघाट के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही सम्पन्न करायी जा रही है। पत्र में आगे बताया गया है कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हेतु समीक्षण दिनांक 15 सितंबर 2025 दिन सोमवार को दोपहर 02:00 बजे, समीक्षण स्थान नगर परिषद लांजी के सभा कक्ष में होना है। पत्र पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पीठासीन अधिकारी, लांजी जिला बालाघाट के हस्ताक्षर हैं। पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर महोदय, उप-जिला निर्वाचन अधिकारी, परियोजना अधिकारी, और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सूचनार्थ भेजी गई है।

### खेल दिवस पर कबड्डी व आर्चरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** 6 एम पी बटालियन एन सी सी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले के मार्गदर्शन में सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के खेल प्रांगण में 29 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एन सी सी कैडेट्स द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता एवं आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी के लिए एनसीसी कैडेट्स की जूनियर डिवीजन की 2 टीमें बनाई गई थी। कार्यक्रम में समस्त शाला परिवार का योगदान सराहनीय रहा।

### एनसीसी सीनियर गर्ल्स व ब्रावो टीम हुई विजय

## महाविद्यालय में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



6 म0 प्र0 बटालियन एन सी सी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम के मार्गदर्शन में शासकीय एस एस पी महाविद्यालय वारासिवनी के खेल प्रांगण में 28 अगस्त 2025 को एन0सी0सी के कैडेट्स द्वारा क्रीडा विभाग के सहयोग से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि एन सी सी कार्यालय बालाघाट के अधीन कार्यरत महाविद्यालय की इकाई में दिनाँक 22 अगस्त से 28 अगस्त तक विकसित भारत अभियान सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित करने निर्देश प्राप्त हैं। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में एन सी सी अधिकारी कैप्टेन डॉ हेमन्त कुमार मण्डाले के नेतृत्व में भारत का पारम्परिक खेल कबड्डी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तकनीकी सहयोग क्रीड़ा अधिकारी विकास साहू का रहा।

कबड्डी खेल में एन सी सी कैडेट्स की 4 टीम बनाई गई। कबड्डी मैच दो टीम सीनियर विंग और दो टीम सीनियर डिवीजन के मध्य खेला गया। खेल के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम द्वारा एन सी सी कैडेट से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस खेल आयोजन का प्रथम मैच एनसीसी सीनियर गर्ल्स कप्तान कैडेट रूपाली कुर्वेती विरुद्ध एनसीसी जूनियर गर्ल्स कप्तान कैडेट आयुषी रहाँगडाले के बीच हुआ। जिसमें एनसीसी सीनियर गर्ल्स की टीम विजेता रही।

## श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन भक्त प्रहलाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन आचार्य पं. भरत जी महाराज चित्रकूट धाम के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा जिसके तीसरे दिन शनिवार को कथा वाचक श्री भरत जी महाराज महाराज ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। कथा वाचकपं.भरतजी महाराज ने कहा कि हिरना कश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रह्लाद को खत्म करो, भस्म करो। लकड़ियों के चारों तरफ जल्लाद खड़े कर दिए गए। इस दौरान जब आग का भयानक जलवा हुआ, तब भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहा अच्छा भगवान, अच्छा मेरे राम तेरी मर्जी और भक्त प्रह्लाद बच गए। नरसिह अवतार में हिरना कश्यप को मार कर भक्त प्रह्लाद को बचाया। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपनेतेरी मर्जी और भक्त प्रह्लाद बच गए। नरसिह अवतार में हिरना कश्यप को मार कर भक्त प्रह्लाद को बचाया। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

**खबर संक्षेप**

### पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीटेक्निक कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

**सिवनी।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के सचिव एवं न्यायाधीश रवि नायक, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, महाविद्यालय के प्राचार्य एस.के. एड़े, सहित छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। रवि नायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पर्यावरण संबंधी अधिनियमों का पालन करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# तापमान में कमी से बाघ हुए बेफिक्र सड़क पर दिखी बाघिन संग शावक

**सिवनी जिले के कुरई विकास खण्ड अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व से लगे जंगल क्षेत्र पिंडरई मार्ग में एक रोमांचक दृश्य सामने आया है। पिंडरई-कुरई मार्ग पर रात के समय एक बाघिन अपने चार शावकों के साथ चहलकदमी करती नजर आई।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने इस दुर्लभ नजारे को कैमरे में कैद किया। वर्तमान में पेंच नेशनल पार्क के गेट बंद हैं। इस दौरान जंगल से लगे क्षेत्रों में बाघ और अन्य वन्य प्राणी आसानी से दिखाई दे रहे हैं। तापमान में कमी और घास की बढ़ोतरी के कारण वन्यप्राणी जंगल से बाहर निकल रहे हैं। सामान्य दिनों में पेंच नेशनल पार्क में बड़ी संख्या में पर्यटक सफारी के लिए आते हैं।
पर्यटकों को बीजामट्टा बाघिन, पाड़देव बाघिन, लक्ष्मी बाघिन, काला पहाड़ बाघिन, एल मार्क और स्वास्तिक नर बाघ दिखाई देते हैं। पेंच राष्ट्रीय उद्यान 1179 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। यहां 325 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। पार्क के कोर क्षेत्र में 82.30 वर्ग किलोमीटर में फैले करीब 116 किलोमीटर के कच्चे रास्तों पर पर्यटकों को सफारी कराई जाती है। अधिकतर पर्यटक दुरिया गेट से पार्क में प्रवेश करते हैं। खवासा के तेलिया बफर जोन में दिन-रात सफारी की सुविधा कई वर्षों से उपलब्ध है।

# शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सिवनी में प्रवेश सत्र 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है। संस्था में संचालित विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।
संस्था में कंप्यूटर डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर में 07 सीट, फिटर में 01 सीट, कारपेंटर में 16 सीट, वेल्डर में 12 सीट, टर्नर में 04 सीट तथा ड्राफ्ट्समैन सिविल में 10 सीट रिक्त हैं। कुल 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 10 सितम्बर 2025 तक संपन्न की जाएगी।
इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथियों में शासकीय आईटीआई सिवनी में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, नवीन रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके माध्यम से आवेदक किसी एक आईटीआई की किसी एक ट्रेड का चयन कर सकेंगे। अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु शासकीय आईटीआई सिवनी परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क से प्रतिदिन संपर्क किया जा सकता है।

# बंडोल पुलिस ने पनडुब्बी मोटर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती सिमाला प्रसाद के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। दिनाँक 27.08.2025 को प्रार्थी संदीप पिता बाबूलाल साहू उम्र 38 साल निवासी ग्राम बलारपुर थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि यह दिनांक 26/08/25 की मध्य रात्रि मे इसके खेत से 04 नग पनडुब्बी मोटर एव खेती का सामान कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र.429/25 धारा 331 (4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया।
विवेचना के दौरान ग्राम बलारपुर एव आसपास की रोड मे लगे हुए सीसीटीवी केमरो के माध्यम से अज्ञात चोर की तलाश की गयी जो एक संदीग्ध पिकअप वाहन मे चोर मोटर चोरी करते हुए दिखाई दिये जो तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर पिकअप वाहन एंव आरोपीयो की तलाश कर आरोपी संदेही सुनील पिता रिक्खीराम राय उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम छिड़ीया पलारी थाना डूण्डासिवनी से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना दिनाँक 26-08-25 की मध्य रात्रि मे अपने साथी विकास डहेरिया निवासी टपरा मौहल्ला जनता नगर के साथ मिलकर संदीप साहू के खेत से पनडुब्बी मोटर एवं खेती का सामान चोरी करना स्वीकार किया जो आरोपी सुनील राय से चोरी की गई चार पनडुब्बी मोटर एवं खेती का सामान कीमती 88000 रूपये एवं घटना मे प्रयुक्त पिकअप वाहन क्र MP09GG3820 कीमती 400000 रूपये कुल मशरूका 488000 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है, व आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी पेश कर जेल दाखिल कराया।
**जप्तीः** – 04 नग पनडुब्बी मोटर एवं खेती का सामान कीमती 88000 रूपये एवं घटना मे प्रयुक्त पिकअप वाहन क्र MP09GG3820 कीमती 400000 रूपये कुल मशरूका 488000 रूपये।
**आरोपीः**- सुनील पिता रिक्खीराम राय उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम छिड़ीया पलारी थाना डूण्डासिवनी फरार आरोपी- विकास डहेरिया निवासी टपरा मौहल्ला जनता नगर थाना डूंण्डासिवनी सराहनीय कार्यः- थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम, कार्य. सउनि सी. एल सिगंमारे, प्र. आर. जयेन्द्र बघेल, प्र, आर कुलदीप यादव, आर.नीरज राजपूत, आर,सतेन्द्र चंद्रवंशी, आर संतोष डहेरिया।





# खुले नाले से हर पल मंडरा रहा खतरा, जिम्मेदार मौन...

**सिवनी।** शहर का सबसे व्यस्त और चर्चित चौराहा, बाहुबली चौक, इन दिनों दुर्घटना का नया हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। चौक पर स्थित पान की दुकान के पास का खुला नाला राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मौत का कुआं साबित हो सकता है। टूटी हुई लोहे की जालियां अब पूरी तरह से गायब हो चुकी हैं, और नाले का मुँह खुले जाल की तरह हर वक्त हादसे को न्योता दे रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या महीनों से बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका परिषद ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। रात के समय तो हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं क्योंकि इलाके में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट नहीं जलती। अंधेरे में नाले का गड्ढा साफ नजर नहीं आता, जिससे पैदल यात्री, साइकिल और बाइक सवार, यहाँ तक कि बच्चे भी इसमें गिरने का खतरा झेलते हैं। नागरिकों ने नगर पालिका परिषद और प्रशासन से तत्काल इस समस्या को दूर करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द से जल्द नाले की जालियां ठीक नहीं की गईं, तो किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है।

# जिले के 24 शिक्षक होंगे सेवा निवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

माह अगस्त दिनांक 31/08/2025 को अपनी अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रहे सभी शिक्षा विभाग अन्तर्गत विकास खंड सिवनी, केवलारी, बरघाट एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकासखण्ड लखनादौन, घंसौर, छपारा, धनौरा और कुरई के व्याख्याता, प्राचार्य, शिक्षक / सहायक शिक्षक एवं प्रा.शि. भाईओं को सेवा निवृति सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के नाम इस प्रकार हैं। अश्विनी तिवारी पी टी आई टीचर कन्या हाईस्कूल मंगलीपेठ, नन्हेलाल डेहेरिया प्रा शि हायर सेकेण्डरी स्कूल बण्डोल, बलवान सिंह कुर्वेती प्रा शि हायर सेकंडरी स्कूल बण्डोल , गणेश प्रसाद अग्रवाल प्राचार्य हाई स्कूल बींझावाड़ा, सीताराम भलावी स शि उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट, गोरी शंकर पटले श उ मा विद्यालय खामी, सूरज लाल टेम्भरे स शि ना उ मा वि गंगेरूआ 8 सोहन लाल कमाले स शि ना उ मा वि केवलारी, रूपेन्द्र सिंह टेम्भरे स शि ना उ मा वि पांड्या छपारा, रविशंकर बघेल स शि ना उ मा वि मलबा सिवनी, करण सिंह ठाकुर स शि ना उ मा वि कान्हीवाड़ा, अजय कुमार शर्मा उ श्रे शि उर्दू हां से स्कूल सिवनी , श्रीमती झमन धुर्वे स शि ना क उ मा वि बरघाट, विजेन्द्र सिंह देशमुख सं ना शि ना उ मा वि रूमाल, श्रीमती गीता उईके उ श्रे शि ना उ मा वि उत्कृष्ट बरघाट, किशोरकुमार पटेल उपसंचालक जि शि एवं प्र सं केवलारी, गोविन्द राव सूर्यवंशी स शि शास प्रा शा बड़गांव कुरई, महेन्द्र कुमार साहू उ श्रे शि सी एम् राईस वि छपारा, डीलनसिंह बिसेन प्र पा एम एस बीजादेवरी छपारा, राजकुमार चोकसे उ श्रे शि एम एस जोगीवाड़ा छपारा, धाम के वास्तव व्या. शि शा.क हा से वि लखनादौन, सुखनन्दन रजक प्रा शि पी एस वि ख लखनादौन, श्रीमती सुमन प्रा शि पी एस वि ख लखनादौन, गिरीश कुमार तेकाम प्रा शि वि ख लखनादौन पुनः आप सभी को म.प्र. शिक्षक कांग्रेस जिला सिवनी के समस्त पदाधिकारियों की ओर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हैं।

# धर्म और दान के माध्यम से व्यक्ति का पुण्य बढ़ता है-भावसागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारकआचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री धर्मसागर जी महाराज,मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉ नवीन जैन के निर्देशन में दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत 30 अगस्त 2025 को मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई जिसके अंतर्गत अभिषेक, विशिष्ट मंत्र शांतिधारा , श्री दशलक्षण महापर्व पूजन, छत्र अर्पण, चंवर स्थापित किए गए, शास्त्र दान का सौभाग्य श्री पार्श्वविद्या ग्रुप को प्राप्त हुआ ,दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का वाचन चल रहा है और मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज के द्वारा कक्षा चल रही है , विशिष्ट ध्यान ,सामयिक, प्रतिक्रमण करवाया जा रहा है, रात्रि में प्रतिदिन महाआरती, योगाचार्य जी द्वारा प्रवचन हो रहे है और सांस्कृतिक कार्यक्रम,प्रतियोगिता चल रही है, संगीत के भजनों की प्रस्तुति डॉ अपूर्व जैन, आशीष बाझल ने दी,कई लोगों ने बिना भोजन, जल के 3 उपवास किए हैं इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि यह दिन पवित्रता का दिन है ,प्रकृति भी बहुत उपदेश देती है , धन संपदा पुण्य की चेली है, व्यक्ति के बुरे दिन पुण्य के क्षीण होने पर चलते हैं ,धर्म और दान के माध्यम से व्यक्ति का पुण्य बढ़ता है, उदाहरण देकर बताया कि व्यक्ति गरीब से अमीर बन गया, बड़े-बड़े चक्रवर्ती भी लोभ में फस जाते हैं, दान नहीं दिया इसलिए ऐसे दिन देखने पड़ते हैं, दान देने से वैभव संपदा प्राप्त होती है, दसधर्म को धारण करने वाले ऋद्धिधारी साधु होते हैं,लोभ का त्याग करने से शुचिता की प्राप्ति होती है, कुबेर का खजाना भी व्यक्ति को संतुष्ट नहीं कर पाता है, यह मकान ,दुकान कार ,मोबाइल आदि खरीदने में पैसा लगाते है, परोपकार के कार्य में भी लगाए, समाधिस्थ परम पूज्यआचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज हमारे हृदय में आज भी जीवित लगते हैं जब उनके चरण चिन्ह के दर्शन करते हैं योगाचार्य जी ने बताया कि तनाव से मुक्ति ऐसे मिलती है।



# जय बजरंग गणेश उत्सव समिति आदेगांव द्वारा गणेश जी की स्थापना

**आदेगांव। गाँव में इस साल भी गणेशोत्सव बड़े हर्ष और उत्साह के साथ शुरू हुआ। जय बजरंग समिति आदेगांव ने विधिविधान से गणेश भगवान की प्रतिमा की स्थापना की।**



जैसे ही गणपति बप्पा की प्रतिमा मंडप में विराजी, पूरा गाँव गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। गाँव के लोगों ने मिलकर मंडप को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और सजावट से आकर्षक रूप दिया।
स्थापना के अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए, बच्चों ने नाच-गाकर उत्सव का रंग और बढ़ाया। समिति के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर गणेश जी से गाँव की सुख-समृद्धि की कामना की। गणेश उत्सव के दस दिनों तक प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होगी और भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। साथ ही भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों के लिए छोटी-छोटी प्रतियोगिताएँ भी रखी जाएँगी।ग्रामीणों का कहना है कि जय बेजरंग समिति हर साल पूरे गाँव को एकजुट कर गणेशोत्सव मनाती है, जिससे समाज में भाईचारा और श्रद्धा का वातावरण बनता है। स्थापना के साथ ही आदेगांव में श्रद्धा, भक्ति और आनंद का माहौल छा गया है और लोग बड़ी संख्या में बप्पा के दर्शन करने पहुँच रहे हैं।

# परंपरा और आस्था से जुड़ी महालक्ष्मी स्थापना

**गोकलपुर।** बोरी खुर्द गांव के बक्शी परिवार में इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार महालक्ष्मी की स्थापना कल सायंकाल की जाएगी। परिवार में यह धार्मिक परंपरा पिछले तीन पीढ़ियों से निरंतर निभाई जा रही है। परिवारजनो ने बताया कि स्थापना के बाद अगले दो दिन यानी अष्टमी और नवमी को विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इन दिनो महिला मंडल द्वारा मंगलगान, सामूहिक आरती का आयोजन रहेगा। नवमी के दिन महालक्ष्मी विसर्जन से पहले प्रसाद का वितरण किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, परिवार के बुजुर्गों ने दशकों पहले महालक्ष्मी स्थापना की शुरुआत की थी। तभी से प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास में महालक्ष्मी की स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। वर्तमान में परिवार की नई पीढ़ी भी इसे पूरे उत्साह और श्रद्धा से निभा रही है। परिवार का कहना है कि यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढियों तक सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का माध्यम भी है



### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत रिक्त आवासों का पुनः आबंटन

**सिवनी।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिवनी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ग्राम कंडीपार (बीझावाडा), जिला सिवनी में निर्मित आवासों में से कुछ आवास पूर्व में चयनित हितग्राहियों द्वारा नहीं लिए गए थे। इन रिक्त आवासों के पुनः आबंटन की प्रक्रिया नगर निकाय द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। निकाय द्वारा कराए गए नवीन सर्वेक्षण के आधार पर पात्र आवेदकों की संभावित सूची तैयार कर कार्यालयीन नोटिस बोर्ड एवं संबंधित शाखा प्रभारी के पास प्रदर्शित की गई है। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे सूची का अवलोकन कर लें और यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे 06 सितम्बर 2025 तक प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त दावे/आपत्तियाँ स्वीकार्य नहीं होंगी। पात्र हितग्राहियों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में पात्रता निर्धारण का अंतिम अधिकार नगर पालिका के पास सुरक्षित रहेगा।



# जिले में महिलाओं ने संतान सप्तमी का पर्व मनाया

**सिवनी।** भाद्रपद मास की सप्तमी को सिवनी जिले में महिलाओं ने संतान सप्तमी का पर्व मनाया। घरों में महिलाओं ने संतान सप्तमी की कथा का वाचन और श्रवण किया। उन्होंने विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। पूजा में चंदन, वेलपत्र, फूल, धूप, दीप, अक्षत, पुए और नारियल का प्रयोग किया गया। पूजन में शीतल जल, कुमकुम, नारियल, अनाज, वस्त्र और मिष्ठान अर्पित किए गए। संतान की खुशहाली के लिए किया व्रत पंडित उपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह व्रत विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के लिए होता है। महिलाएं अपनी संतान की खुशहाली के लिए निराहार रहकर व्रत रखती हैं। इस अवसर पर महिलाएं शिव-पार्वती के साथ शीतला माता की भी पूजा करती हैं। पूजा में कच्चे सूत का डोरा रखकर उसमें सात गांठ लगाई जाती है। आटे-गुड़ से बने सात पुए पूजा में रखे स्त्री-पुरुष दोनों व्रत करें तो दो डोरे रखे जाते हैं। एक व्यक्ति व्रत करे तो एक डोरा रखा जाता है। पूजा के बाद संतान की रक्षा के लिए कलावा उनकी कलाई पर बांधा जाता है। भोग में आटे-गुड़ से बने सात पुए रखे जाते हैं। यह व्रत वंश वृद्धि के लिए किया जाता है। जिन दंपती को संतान नहीं है, वे यह व्रत करें तो उन्हें उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। संतानों के स्वस्थ जीवन और दीर्घायु के लिए यह व्रत किया जाता है।

## सिवनी में होगी राष्ट्रीय स्तर की अंताक्षरी प्रतियोगिता

# 19 एवं 20 सितंबर को सिवनी के एम.एम. ग्रैंड अग्रोहा लॉन में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले को सांस्कृतिक गतिविधियों का नया आयाम मिलने जा रहा है। जिला मनोरंजन समिति के तत्वावधान में 19 एवं 20 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर की अंताक्षरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जबलपुर रोड स्थित एम.एम. ग्रैंड अग्रोहा लॉन में शाम 4 बजे से शुरू होगी। इस मंच पर देशभर से आने वाले गायक-गायिकाएं अपनी आवाज़ का जादू बिखेरेंगे और अपनी कला के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह प्रतियोगिता न केवल स्थानीय कलाकारों बल्कि विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिभागियों के लिए भी एक अनूठा अवसर होगी, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।

### 30 टीमों को मिलेगा मौका

इस प्रतियोगिता को लेकर समिति ने स्पष्ट किया है कि इसमें केवल 30 टीमों को ही भागीदारी का अवसर दिया जाएगा। प्रत्येक टीम में दो प्रतिभागियों का समावेश होगा, जो चाहे महिला हों या पुरुष। प्रतियोगिता पूरी तरह से राष्ट्रीय स्तर की होगी, जिसमें अलग-अलग राज्यों से चुनिंदा प्रतिभाशाली कलाकारों को शामिल किया जाएगा। आयोजन समिति का मानना है कि यह आयोजन सिवनी को सांस्कृतिक मानचित्र पर और अधिक पहचान दिलाने में मदद करेगा तथा युवाओं में कला और संस्कृति के प्रति उत्साह को बढ़ाएगा।

### इनामी राशि और विशेष प्रावधान

मीडिया प्रभारी देवराज डेहरिया और अश्विनी बब्ला मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को 3000 रुपये की एंट्री फीस जमा करनी होगी। विजेता टीमों के लिए आकर्षक इनाम की घोषणा की गई है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 51,000 रूपये नकद व ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 31,000 रूपये नकद व ट्रॉफी और तृतीय पुरस्कार 21,000 रूपये नकद व ट्रॉफी रखा गया है। इन इनामों के जरिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ प्रतियोगिता को और भी प्रतिस्पर्धी और रोमांचक बनाने का प्रयास किया गया है।

### निःशुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था

बाहर से आने वाले प्रतिभागियों और उनके साथियों के लिए आयोजन समिति ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। समिति द्वारा प्रतियोगिता में शामिल टीमों को न केवल मंच उपलब्ध कराया जाएगा, बल्कि उनके ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की जाएगी। हर टीम के साथ दो अतिरिक्त व्यक्तियों के लिए भी यह सुविधा दी जाएगी। समिति का कहना है कि इससे प्रतिभागी बिना किसी चिंता या असुविधा के प्रतियोगिता पर पूरा ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।

### एंट्री की अंतिम तारीख 15 सितंबर

आयोजन समिति ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को अपनी एंट्री 15 सितंबर तक ही कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय-सीमा के बाद आने वाली एंट्री को मान्य नहीं किया जाएगा। इसलिए इच्छुक गायक-गायिकाओं को समय रहते अपनी प्रविष्टि सुनिश्चित करनी होगी। समिति का कहना है कि निर्धारित टीमों की संख्या पूरी होते ही एंट्री प्रक्रिया स्वतः बंद कर दी जाएगी। संपर्क सूत्र प्रतियोगिता से जुड़ी विस्तृत जानकारी और एंट्री के लिए प्रतिभागी निम्न समिति सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं शैलेन्द्र (सल्लू) अग्रवाल - 7999471979, पृथ्वीराज जगने - 9425843203,आशीष सोनू दुबे - 9302922945 पिंकी उपाध्याय - 9753038444 आशीष अग्रवाल - 9425174999।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विकासखंड कुरई में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त तक एक घंटा खेल के मैदान में अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विकासखंड कुरई में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुश्री शिमाला प्रसाद एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।
इस अवसर पर विकासखंड युवा समन्वयक निकेश पद्माकर ने बताया कि कार्यक्रमों के सफल संचालन में विकासखंड युवा केंद्र खेल और युवा कल्याण विभाग सिवनी की विशेष भूमिका रही।
कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान से हुआ। इसके उपरांत क्रीड़ा परिसर कुरई में 7 साइड हॉकी मैत्री मैच तथा शासकीय महाविद्यालय कुरई में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों ही प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया तथा विजेताओं को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। आयोजन में एफ. एन. इक्का (अधीक्षक जिला अखिल प्रभारी एवं रेफरी), राकेश नागेंद्र (सहायक रेफरी), नोएल वी. जोसेफ एवं हेमंत विश्वकर्मा (टीम मैनेजर), अमित वानखेडे एवं ओमप्रकाश नेम (टीम कोच), सुनील पटेल, सचिन धुर्वे (अतिथि पीटीआई) एवं वारिस तुमडाम की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने लगाये आरोप

# डीजल खरीदी के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

## प्रेस कान्प्रेस कर बताया सत्ता के दबाव में नहीं हो रही हैं जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगरपालिका में कांग्रेस ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां लाखों रुपए का डीजल घोटाला हुआ है। शनिवार को सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे और विधायक प्रतिनिधि शफकत खान ने कहा कि नगरपालिका में कई तरह के भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने बताया कि डीजल घोटाले की जांच EOW कर रही है। इसकी जानकारी कलेक्टर को भी दी गई है। कलेक्टर ने जांच का भरोसा तो दिलाया, लेकिन सत्तापक्ष के दबाव में जांच लटक गई है।

विधायक प्रतिनिधि शफकत खान ने कहा कि सिर्फ डीजल ही नहीं, रिक्शा कचरा खरीदी, कचरा वाहन, जल आवर्धन योजना, पीएम आवास योजना और सामग्री खरीदी जैसे मामलों में भी घोटाले हुए हैं। जबलपुर के संयुक्त संचालक ने इन मामलों की जांच के निर्देश दिए हैं, लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं है।

पूर्व सांसद मुंजारे ने नेता प्रतिपक्ष पर ही सवाल उठा दिए और उन्हें सत्तापक्ष का दलाल बताया। इस पर लिल्हारे ने जवाब देते हुए कहा कि अगर एक भी दलाली का मामला साबित हो जाए, तो वे खुद जेल जाने को तैयार हैं।

लिल्हारे ने यह भी बताया कि नगर में स्विमिंग पूल और मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्षद आंदोलन करेंगे।

# किसान पर भालू ने किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लालबर्रा क्षेत्र में शनिवार दोपहर को एक भालू ने खेत में काम कर रहे किसान पर हमला कर दिया। बोरी के उपसरपंच रघुनाथ मर्सकोले (50) अपनी पत्नी के साथ जंगल से लगे खेत में काम कर रहे थे। भालू के हमले में रघुनाथ के सिर, गर्दन, हाथ, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आईं। पति पर हमला देख पत्नी ने शोर मचाया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने दौड़कर भालू को भगा दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, वहां दो भालुओं का जोड़ा था, जो हमले के बाद जंगल की ओर भाग गया।



सरपंच प्रतिनिधि प्रेमचंद बारमाटे और ग्रामीण घायल रघुनाथ को लालबर्रा अस्पताल ले गए। वन विभाग को सूचना मिलने पर रेंजर टी. मड़ावी ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। विभाग ने इलाज के लिए 2 हजार रुपए की सहायता दी। साथ ही आगे के इलाज और दवाइयों का खर्च भी देने का आश्वासन दिया।

गंभीर चोटों के कारण रघुनाथ को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। रेंजर मड़ावी ने बताया कि बोरीटोला में हुई इस घटना के बाद घायल किसान की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि जंगल से वन्यप्राणी रहवासी क्षेत्र में ना आए, इसके लिए लगातार गश्त की जा रही है। हमारी लोगों से अपील कि वह सुबह अकेले खेत या जंगल न जाए। जंगलो में वन्यप्राणियों का मूवमेंट बना रहता है, जिसको लेकर लोग सतर्क रहे और सावधानी बरते।

### रासेयो द्वारा एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**वारासिवनी**। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 28 अगस्त को मध्यप्रदेश शासन एवं कार्यक्रम समन्वयक रासेयो रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन तथा कृष्णा पराते रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय बैस सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार बालाघाट, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, विशिष्ट अतिथि डॉ0 शैलेन्द्र भलावी कृषि महाविद्यालय बालाघाट, सजिन्द्र कृष्णन जिला खेल प्रशिक्षण कराते खेल विभाग बालाघाट, डॉ0 सरिता कोल्हेकर, डॉ0 रक्षा निकोसे उपस्थित रहे।

# महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में एक दिवसीय शिक्षक ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में शनिवार को सीबीएसई के निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए 50 घंटों की अनिवार्य ट्रेनिंग के तहत एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम एक्टिव लर्निंग विषय पर अब रखा गया जिसमें महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट,दिल्ली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ख़ुरसोड़ी बालाघाट और ,सरदार पटेल इंटरनेशनल स्कूल डोंगरिया बालाघाट के 55 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया ।इस ट्रेनिंग को देने के लिए सीबीएसई से नियुक्त दो रिसोर्स पर्सन श्रीमती मोनिदिपा बनर्जी प्राचार्या लाला कैलाशपत सिंघानिया हाई स्कूल सौसर छिंदवाड़ा और डॉ हिना भार्गव वाडेकर एडमिनिस्ट्रेटर सुभाष मांटेसरी पब्लिक स्कूल सौसर छिंदवाड़ा तथा वेन्यू डायरेक्टर सह प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया और श्रीमती श्वेता सचदेवा प्राचार्य दिल्ली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ख़ुरसोड़ी बालाघाट और सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी ने दीप प्रज्वलन और गुरुपरंपरा , महर्षि महेश योगी जी व मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर गुरुपूजन किया गया।इसके पश्चात भावातीत ध्यान का सामूहिक अभ्यास भावातीत ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी एवं सुनीता तिवारी के द्वारा करया गया ।संगीत शिक्षक श्री नितेश कुमार मिश्रा और संस्था की शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रातः 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक दोनों ही रिसोर्स पर्सन ने सभी को एक्टिव लर्निंग के विषय को पीपीटी,वीडियो और अपने व्यक्तिगत अनुभव का समावेश करते हुए रोचक ढंग से समझाया साथ ही कई कार्यकलाप के जरिए सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया ।उन्होंने बताया कि एन ई पी 2020 के प्रावधानों में विद्यार्थी केंद्रित शिक्षण पर जोर दिया गया जो कि विद्यार्थियों का कक्षा में सक्रिय होना तय किया जाना जरूरी है इससे ही हम अपने के शिक्षण उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते है।अपने संक्षिप्त आभार प्रदर्शन में वेन्यू डायरेक्टर श्री सतीश कुमार चौरसिया ने दोनों रिसोर्स पर्सन को धन्यवाद और सभी प्रतिभागियों सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी।महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट की ओर से दोनों रिसोर्स पर्सन को महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश जी द्वारा महर्षि महेश योगी जी के जीवन पर लिखी पुस्तक और शॉल,श्रीफल भेंट की गई।इस कार्यक्रम के दौरान श्री जे के पिल्लई प्राचार्य बालाघाट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल,श्री तेजस तुरकर प्राचार्य सरदार पटेल इंटरनेशनल स्कूल डोंगरिया बालाघाट ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन श्रीमती प्रकाशवती दीक्षित और श्री नीरज तिवारी द्वारा किया गया ।संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्रशासनिक अधिकारी श्री अनिल पारधी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का अभूतपूर्व योगदान रहा।



# जनशिक्षा केन्द्र दमोह में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का हुआ विमोचन

**हरिभूमि न्यूज बिरसा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ म.प्र.शिक्षक संघ के आव्हान पर म.प्र.शासन लोक शिक्षण संचालनालय सहित जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार 01सितम्बर 2025 को मध्यप्रदेश में सभी शालाओं में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का वाचन कर संकल्प लिया जाना है।तत्सबंध में संकल्प पत्र पोस्टर का विमोचन गत दिवस जनशिक्षा केन्द्र दमोह में आयोजित शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में शैक्षिक संवाद समापन पश्चात, नोडल अधिकारी जनशिक्षक रमेश तुरकर जी, ब्लाक अध्यक्ष म प्र शिक्षक संघ बिरसा भागीरथी पांचे जी, संभागीय सदस्य एस आर उके, वरिष्ठ सदस्य हेमेंद्र नेवारे,ब्लाक शाखा बिरसा के पदाधिकारी सर्व सुजित खोबरागड़े, सत्यप्रकाश अन्मोले, रूपेश खरोले, किशोर पटले, कैलाश मेरावी, सनुकलाल मरकाम, जितेन्द्र वासनिक,व सहजकर्ता हुकुम गौतम जी, संतोष यादव, श्रीमती रमसुला धुर्वे एवं सभी प्रतिभागी उपस्थित सम्माननीय शिक्षक साथियों द्वारा किया गया। इस अवसर संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा बताया गया कि,इस बहुआयामी प्रोग्राम के तहत सभी शिक्षक और बच्चे विद्यालय को हर कसौटीयो पर उत्कृष्ट बनाने का संकल्प लेंगे । समस्त शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, अनुशासन पर्यावरण सौन्दर्य, छात्रो के चरित्र निर्माण, सेवा समर्पण संस्कार तथा भेदभाव रहित वातावरण निर्मित करने की दृष्टि से यह कार्यक्रम हो रहा है। एक सितंबर को हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान राष्ट्रहित के विचार और भावों को लेकर स्कूलों के शिक्षक और अध्ययनरत विद्यार्थी एक साझा संकल्प का वाचन करेगें। यह वाचन प्रार्थना समय के आधे घंटे की अवधि में करवाये जाने की अपील संगठन द्वारा सभी संस्था प्रमुखों से की गई है। म.प्र.शिक्षक संघ बिरसा के द्वारा इस सम्बंध में सभी शैक्षणिक संस्थाओं में संकल्प पत्र, पोस्टर वितरित कर व्यापक प्रसार प्रचार पूर्ण कर ली हैं।



# प्रशासन और पुलिस की टीम ने शहर के विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में गणेश विसर्जन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रशासन और पुलिस की टीम ने शनिवार को शहर के विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। इस वर्ष अधिक बारिश के कारण नदी, तालाब और नहरों में जलस्तर अधिक है।**

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन और बोट की व्यवस्था की गई है। छोटी प्रतिमाओं के लिए विशेष कुंड बनाए गए हैं। शहर में लगभग 80 सार्वजनिक स्थानों के अलावा घरों में भी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया और अन्य अधिकारियों ने वैनगंगा नदी के कई घाटों का दौरा किया। इनमें छोटे पुल, महामृत्युंजय घाट, गायखुरी घाट, ढिमरटोला घाट, देवटोला और आंवलाझरी नहर शामिल हैं। ढीमरटोला और वैनगंगा नदी के छोटे पुल पर तेज धारा के कारण बोट की व्यवस्था की जाएगी। बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन का प्रयोग किया जाएगा। विसर्जन 6 और 7 सितंबर को होगा। नगरपालिका की ओर से विसर्जन स्थलों पर अनाउंसमेंट, टेंट और पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। सभी स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाएगी और बचाव दल की टीमें तैनात रहेंगी।

## अब तक 1034 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट**। चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 29 अगस्त 2025 तक 1034 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 907 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 29 अगस्त को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 19 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 10 मिलीमीटर, वारासिवनी में 00 मिलीमीटर, बैहर में 15 मिलीमीटर, लांजी में 12 मिलीमीटर, कटंगी में 00 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 07 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 19 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

# शास. प्राथ. स्वा. केंद्र हट्टा में वृक्षारोपण कर मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज हट्टा।

ग्राम पंचायत सरपंच उमेश सोनेकर ने अपना 44 वा जन्मदिन 30 अगस्त को शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हट्टा में वृक्षारोपण कर मनाया गया जिसमें हट्टा पंचायत के समस्त पंचगण, कर्मचारी एवं ग्राम के गणमान्य नागरिको ने उन्हें हार्दिक बधाइयां देकर लंबी आयु की कामना की।



# परसामऊ में संचालक मंडल का किया गया नवनियुक्त गठन

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

गढ़ी क्षेत्र के परसामऊ में संचालक मंडल का नवनियुक्त गठन किया गया इसके पश्चात कार्यालय बहुउद्देशीय सहकारी समिति शाखा का 29 अगस्त को शाखा प्रबंधक गढ़ी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न कराया गया एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही नई-नई योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी जा रही है एवं हर संभव सहायता किया जा रहा है । वही किसानों को हर सुविधा मुहैया कराया जा सके जिसमें की किसानों को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े इसी उद्देश्य को देखते हुए बहुउद्देशीय सहकारी समिति शाखा परसामऊ में नवनियुक्त समूह का गठन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री महेश मरकाम जिला पंचायत सदस्य ,सुश्री सोनाली कुशराम भाजपा मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। जिसमें 12 पंचायत के 30 गांव के किसानों को शामिल किया गया जिससे आने वाले समय में किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े एवं आगामी धान खरीदी में किसानों को सुविधा मिल सके बैठक में शाखा प्रबंधक टी एस कोर्राम ने बताया कि किसानों को अब किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा नवनियुक्त संचालक मंडल के पदाधिकारी श्री प्रमोद ताराम अध्यक्ष ,इंदर दास धारवैया उपाध्यक्ष ,श्रीमती कविता धुर्वे उपाध्यक्ष ,सदस्य श्री रणजीत सिंग बेस, आसाराम धुर्वे ,अमीरचंद बंजारा, रतन सिंह कुम्हेर, सोहन सिंह धुर्वे, पनकु सिंग धुर्वे, कन्हैया निगम, श्रीमती बसन्ती धुर्वे ये सभी नवनियुक्त संचालक मंडल के पदाधिकारी है वही सहकारी समिति गढ़ी के शाखा प्रबंधक टी एस कोर्राम , सहायक प्रबंधक ओ पी बिसेन, लेखापाल प्रदीप भासंत ,लिपिक बी एल तलवारे ,आपरेटर धर्मेंद्र यादव, महेश धुर्वे ,शम्भु दास चौकीदार सिद्धार्थ, एच एम सोनी, हेम सिंग धुर्वे, श्रवण शांडिल्य, एच डी धारवैया, मुकेश, रोहित धुर्वे ,भुवन मरावी, रेशमी किरण मरावी, श्रीमती अलका अग्निहोत्री उपस्थित रहे।



# 16 नवम्बर को मुस्लिम सामूहिक विवाह, पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर की संस्था मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जश्ने-ए-ईद-मिलाद उन नबी के शुभ अवसर पर आगामी 16 नवम्बर,2025 को बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हॉल में मुस्लिम सामूहिक विवाह का आयोजन करने जा रही है। विगत 2011 से यह संस्था उपरोक्त विवाह का आयोजन कर रही है। जिसमें किसी भी प्रकार की सरकारी मदद नहीं ली जाती। इसमें प्रमुख भागीदारी मुस्लिम आवाम और अन्य समाजसेवा में रूचि रखने वाले व्यक्तियों की रहती है। आयोजन समिति की तरफ से दुल्हा-दुल्हन को जीवन यापन के लिये आवश्यक सामान तोहफे के रूप में दिये जाते है। अब तक 200 से ज्यादा जोडिया विवाह बंधन में बंध चुके है। इस वर्ष 2025 में जो भी पक्ष विवाह कराना चाहता है, वह कमेटी के लोगों से संपर्क कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकता है। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर शाम 5 बजे तक है। आयोजन समिति से दानदाताओं से अपेक्षा की है पूर्व की तरह इस वर्ष भी वह बढ चढ़कर इस समाज उपयोगी महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान कर इसे सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना योगदान देगें। गत वर्ष 25 जोडों का विवाह किया गया था। इसमें दुल्हा-दुल्हन दोनों पक्षों को 5-5 हजार रूपये जमा करने होगें। विगत दिवस सोसायटी द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मुस्लिम मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्माननीत किया गया था। जिसमें 78 बच्चे लाभन्वित हुए। संपूर्ण विवाह प्रक्रिया सुन्नी रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराई जाती है।

# देशमुख मांईस मिरगपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### देशमुख मांईस मिरगपुर में सांसद एवं विधायक ने लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरगपुर की राजेन्द्र देशमुख मांईस मिरगपुर में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप बालाघाट एंव सिवनी जिले की सांसद श्रीमती भारती पारधी एंव कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी प्रमुख रूप शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती भारती पारधी के द्वारा की गई तथा विधायक गौरव पारधी के प्रमुख आतिथ्य में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान जिले की लोकप्रिय सांसद श्रीमति भारती पारधी एंव विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा खदान परिसर में अपने हस्ते पौधे लगाकर कर अभियान की शुरुआत की गई। तथा पर्यावरण संरक्षण की प्रति जागरूक किया गया साथ ही पेड़ पौधो का मानव जीवन में होने वाले सकारात्मक प्रभाव को बताते हुए ,आयोजित कार्यक्रम के लिए खदान प्रबंधन की सहारना की गई। खदान प्रबंधन के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर जामुन, नीम, आम , गुलमोहर, करंजी सहित अन्य प्रजाति के छायादार और फलदार पौधे लगाने के लिए अभियान की शुरुआत की गई । जिसके तहत अस्पताल ,स्कूल, सेवा सहकारिता परिसर सहित अन्य स्थानो पर विविध प्रजाति के पौधे लगाए कर उनकी देखभाल व सुरक्षा करने के लिए संकल्पित हुए साथ ही मवेशी से बचाने के लिए टी गार्ड लगाने का निर्णय लिया गया । इस दौरान राहुल देशमुख ने बताया की पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान की शुरुआत की गई । ग्राम के विविध स्थानो पर पौधे रोपे जाऐंगे। और उनकी पूरी देखभाल की जाएगी। जिसके लिए हम प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिले की सासंद श्रीमती भारती पारधी, खैरलांजी कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, वरिष्ठ भाजपा नेता एंव पूर्व सरपंच राजेन्द्र देशमुख, पूर्व सरपंच दुर्गाप्रसाद देशमुख, राहुल देशमुख, यषशील देशमुख, मिरगपुर सरपंच दिपक देशमुख, जिलापंचायत सदस्य प्रकाश ऊके ,रमणीय देशमुख, पूर्व सरपंच अशोक बिसेन, मेष देशमुख, गिरीश बिसेन, सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख, जयेश देशमुख, खैरलांजी तहसीलदार ,अनिल मस्करे सावरगांव सरपंच , दिलीप बिसेन गुडरुघाट सरपंच,विश्वेश्वर सोनवाने, समाज सेवी जितेन्द्र गौतम, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिपेश्वरी लिल्हारे सहित अन्य मौजूद रहे।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com•M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832